नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली > सोमवार, 3 दिसंबर 2018 > मार्गशीर्ष 12 शक 1940 मार्गशीर्ष कृष्ण एकादशी विक्रम 2075

एजुकेशन डिपार्टमेंट ने डिप्टी डायरेक्टर को दिए आदेश

नर्सरी एडमिशन : हर स्कूल का पॉइंट सिस्टम होगा चेक

File Photo

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

शिक्षा निदेशालय ने 15 दिसंबर से शुरू होने वाली नर्सरी एडमिशन की रेस से पहले सभी स्कूलों के पॉइंट सिस्टम चेक करने के निर्देश दिए हैं। डिपार्टमेंट के सूत्रों ने बताया कि डिप्टी डायरेक्टर को कहा गया है कि हर स्कूल का पॉइंट सिस्टम देखा जाए। बड़े नाम वाले स्कूलों के एडमिशन क्राइटेरिया को लेकर अगर कोई भी ऑब्जेक्शन हो तो उसके बारे में तुरंत स्कूल को बताया जाए। डिपार्टमेंट ने स्कूलों को 14 दिसंबर तक एडमिशन क्राइटेरिया वेबसाइट पर अपलोड करने को कहा है। एजुकेशन डिपार्टमेंट के सूत्रों का कहना है कि स्कूलों ने डिपार्टमेंट को

स्कूल भेज रहे हैं डिपार्टमेंट को पॉइंट सिस्टम

एडमिशन क्राइटेरिया भेजना शुरू कर दिया है। अगर स्कूल की वेबसाइट पर क्राइटेरिया जारी होने के बाद भी कोई शिकायत मिलती है, तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्कूलों के एडमिशन क्राइटेरिया में डिस्टेंस को 50 से 80 पॉइंट तक दिए जा रहे हैं। एम.एम.पब्लिक स्कूल पीतमपुरा वसुधा एंकलेव ने भी डिस्टेंस को सबसे ज्यादा पॉइंट्स देने का फैसला किया है। स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक ने बताया कि 0-5 किमी की दूरी के लिए 50 पॉइंट्स तय किए गए हैं। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी की मैनेजर प्रमिला गुप्ता का कहना है कि 100 पॉइंट वाला एडमिशन फॉर्म्युला शिक्षा निदेशालय को भेजा जाएगा। स्कूल ने 80 पॉइंट डिस्टेंस के और 20 पॉइंट सिबलिंग कैटिगरी को दिए हैं। शिक्षा निदेशालय अगर कुछ नए निर्देश देता है, तो उसे लागू किया जाएगा। हर साल एज को लेकर पैरंट्स परेशान होते थे, लेकिन इस बार नर्सरी, केजी और फर्स्ट क्लास में एडमिशन के लिए मिनिमम एज और अपर एज लिमिट तय कर ली गई है। माउंट आबू पब्लिक स्कूल रोहिणी की प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा ने बताया कि निदेशालय की गाइडलाइंस के मुताबिक स्कूलों का एडमिशन फॉर्म्युला डिस्टेंस, सिबलिंग, एलुमनी कैटिगरी के आसपास ही रहेगा। डिस्टेंस को सबसे ज्यादा 70 पॉइंट्स दिए जाएंगे। शिक्षा निदेशालय के सूत्रों का कहना है कि स्कूलों के जो क्राइटेरिया आ रहे हैं, वे 80 से लेकर 100 पॉइंट तक के हैं।